Title: Demand to check the spread of malaria disease in the Jharkhand state.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : अध्यक्ष महोदय, रांची जिला और पूरा झारखंड मलेरिया की चपेट में आया हुआ है। एक र्वा में हजारों आदमी मर गए हैं और अभी यह स्थिति है कि अस्पतालों में भी जगह नहीं है। दवाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। दवाएं महंगी हैं और जंगल-झाड़ियों के किनारे जो आदिवासी रहते हैं, गरीब परिवारों के लोग रहते हैं, उनके बीच यह बीमारी फैल रही है।

मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इसकी रोकथाम के लिए वहां केन्द्रीय टीम भेजी जाये। इसके साथ-साथ आप उस क्षेत्र में सस्ती दवा की व्यवस्था भी करायें ताकि रोज जो सैंकड़ों की तादाद में लोग मर रहे हैं, वे न मरें।